कार्यालय केन्द्रीय नजारत सिविल कोर्ट बलिया।

नीलाम नोटिस

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि **न्यायिक प्रतिष्ठान बलिया में निष्प्रयोज्य 52 अदद टाईप मशीन एवं 01 अदद इलेक्ट्रानिक टाईप मशीन** को माननीय उच्च न्यायालय के पत्र सं0 513/प्रशा0((बी 1) दिनाकिंत 12।2।24 के निर्देश के अनुपालन में माननीय जनपद न्यायाधीश महोदय द्वारा पारित आदेश दिनाकं 26।2।24 के अनुपालन में नीलाम किया जाना आवश्यक है । जिसकी सरकारी बोली की धनराशि अंकन 10446/- रूपये नियत की जाती है ।उक्त निष्प्रयोज्य उपकरणों की **नीलामी दिनाकं 21।5।2024 को** दस कक्षीय न्यायालय भवन के सभागार कक्ष में सायं 4 बजे खुली बोली के धानर पर की जायेगी । अतएव जिन महानुभाव को उक्त टाईप मशीनों की नीलामी लेनी हो , वे दिनाकं 21।5।2024 को नियत समय व स्थान पर उपस्थित होकर नीलामी ले सकते हैं ।

बोली लगाने की शर्ते

1 उपरोक्त वर्णित टाईप मशीनों की नीलामी में भाग लेने के लिये बतौर जमानत 2600 रूपये जमा करना होगा ।

2 बोली समाप्त होने पर अन्तिम अधिकतम बोली का सम्पूर्ण धनराशि तुरन्त जमा करने पर ही जनपद न्यायाधीश के समक्ष स्वीकृति हेतु भेजी जायेगी ।

3 माननीय जनपद न्यायाधीश बलिया को अधिकार होगा कि बिना कारण बताए किसी भी बोली को मान्य अथवा अमान्य कर सकते हैं ।

4 प्रत्येक बोली कर्ता अपने-2 बोली से बाध्य होगा । भले ही वह ऊचीं या नीची हो । यह भली भाँति समझना चाहिए कि नीलामी की राशि माफी पर किसी भी दशा में विचार नही किया जा सकता है ।

5 नीलामी में सम्मिलित होने वाले सभी लोगों को निवास प्रमाण पत्र/पहचान प्रमाण पत्र व पैन कार्ड की छायाप्रति दाखिल करना होगा एवं मूलप्रति साथ में लाना अनिवार्य होगा ।

6 नीलामी स्वीकृत होने के 10 दिन के अन्दर नीलामशुदा टाईप मशीन न्यायालय परिसर से हटाना आवश्यक होगा अन्यथा उसे 500/- रूपये प्रतिदिन विलम्ब शुल्क अदा करना होगा ।

7 नीलाम नोटिस वास्ते अनुमोदन माननीय जनपद न्यायाधीश महोदय के समक्ष प्रस्तुत हो ।

Narendra Kumar
अध्यक्ष
नीलाम समिति / अपर जिला जज
कोर्ट सं0 1 बलिया

प्रतिलिपि निम्नाकिंत स्थानों पर चस्पा किये जाने हेतु

1 माननीय जनपद न्यायाधीश महोदय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु ।
2 जिलाधिकारी के नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु ।
3 जिला पंचायत अधिकारी के नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु ।
4 जिला परिषद के नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु ।
5 अन्य सार्वजनिक स्थानो पर चस्पा हेतु ।
6 जिला न्यायालय के वेबसाईड पर अपलोड किये जाने हेतु।

Narendra Kumar
अध्यक्ष
नीलाम समिति / अपर जिला जज
कोर्ट सं0 1 बलिया ।

Approved
10.5.24